# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 20 जून, 2025


वर्ष 01 | अंक 157 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# योग द्वारा रची गई है भारतीय संस्कृति

दैनिक रणजीत टाइम्स



प्रागैतिहासिक काल से आज तक योग की पद्धति में नित नए आविष्कार नए परिवर्तन और समस्त मानव जाति के उत्थान के लिए कार्य हुआ है परंतु योग का हमारी भारतीय संस्कृति से क्या 'संबंध है,सहजयोग की फाउंडर श्री माताजी निर्मला देवी जी ने योग और भारतीय संस्कृति के विषय पर व्यापक चर्चा की है। अगर यह जानना चाहे तो पाते हैं कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार जो शांति का पोषण करता है वह योग की देन है कारण की जिस विश्व शांति का उद्घोषक भारत रहा है उसे भारतीयों ने बाहर नहीं अपने भीतर खोजा था। शांति की खोज पहले भीतर हुई और फिर वह बाहर फैला। यही परंपरा भारत में योग के द्वारा स्थापित है। प्रथम शरीर, मन, बुद्धि से होते हुए आत्मा तक पहुंचकर आत्मिक शांति की खोज की जाती है और तब मनुष्य विश्व शांति की बात कर सकता है। आक्रोशित आवेशित व्यक्ति की प्रतिक्रिया बढ़ती है। उसका उन पर नियंत्रण नहीं रह सकता। ऐसा व्यक्ति विश्व शांति की बात करने का अधिकारी ही नहीं है। शांति का दूत वही बन सकता है जो जोड़ने की बात करे, एकात्मता की बात करे। इस प्रकार योग भारतीय संस्कृति में भीतर तक रचता बसता है, करुणा भारतीय संस्कृति का श्रृंगार है, यह समर्पण सिखाती है, यह अहंकार प्रति अहंकार भावनाओं के द्वंद से लड़ना सिखाती है इसमें माधुर्य का बड़ा महत्व है। यही आचरण की बात आती है कि यदि हमारा आचरण और व्यवहार मधुर और शांतिपूर्ण होगा तभी हम विश्वशांति के उद्घोषक हो सकेंगे ज्ञान को पाकर मस्तिष्क अहंकारी हो जाता है, प्रगल्भ मस्तिष्क बाहरी खोज के कारण अहंकार से भर जाता है। इसी मस्तिष्क की प्रगल्भता को, मस्तिष्क की गहनता को यदि बाहर से भीतर की ओर उन्मुख कर दें तो यह योग के आत्म साक्षात्कार की जीवंत घटना को प्रकट करती है। इसे ही सहज योग बड़ी सरलता से घटित करता है जिसमें श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा मानव जाति को सामूहिक आत्म साक्षात्कार देने की पद्धति अविष्कृत की गई है। सहज योग छोटी-छोटी प्रार्थना उसे मानव मन को बुद्धि की प्रगल्भता से हटाकर करुण और मधुर बनाकर आत्मा की ओर उन्मुख कर देता है। चित्त आत्मा में सरलता से स्थापित करने के लिए यह एक सुंदर और क्षणिक उपाय है, जिससे 10 से 15 मिनट में ध्यान की क्रिया घटित हो जाती है। कम समय में अधिक पाने का आधुनिक काल में सहजयोग से सुंदर कोई और तरीका नहीं है। अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.sahajayoga.org.in.

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म

## ब्लैकमेलिंग और धर्मांतरण का प्रयास विजय नगर थाने में FIR दर्ज

राजेश धाकड़



विजय नगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ नाम छिपाकर दोस्ती करने, दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने बताया कि लॉकडाउन के समय बेटी को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन दिया गया था। कुछ समय से बेटी बेहद परेशान नजर आ रही थी। जब उन्होंने बेटी से बात की और मोबाइल की जांच की तो उसमें आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले। पूछने पर बेटी ने बताया कि लॉकडाउन के समय नानी के घर एक लड़का मिला था, जिसने अपना नाम कमल बताया था।

### जबरन बनाए शारीरिक संबंध, वीडियो से करता रहा ब्लैकमेल

बेटी ने बताया कि आरोपी कमल 6 जनवरी 2023 को नानी के घर आया, जहां परिवार के अन्य सदस्य मौजूद नहीं थे। इसी दौरान आरोपी ने बलपूर्वक शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो व फोटो खींच लिए। इसके बाद वह लगातार ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने आगे बताया कि 19 फरवरी 2023 को आरोपी ने अपने दोस्त रितेश के भंवरकुआ स्थित कमरे पर ले जाकर फिर से दुष्कर्म किया। रितेश कमरे के बाहर निगरानी कर रहा था।

### 4 साल से चला रहा था झांसा, असली नाम निकला फरदीन खान

6 जून 2025 को पीड़िता अपने रिश्तेदार की सगाई में गुना गई थी, जहाँ फिर आरोपी मिला और उसे स्काई पैलेस होटल ले गया। होटल में आधार कार्ड दिखाने पर पीड़िता को पता चला कि आरोपी का असली नाम फरदीन खान है। जब लड़की ने विरोध किया, तो उसने फिर से वायरल की धमकी दी और जबरन संबंध बनाए।

दोस्त ने दिया इस्लाम कबूलने का सुझाव जब पीड़िता ने ये बात अपनी स्कूल फ्रेंड जोया खान को बताई, तो उसने कहा, "अगर फरदीन से शादी करनी है तो इस्लाम कबूल करो।" साथ ही धमकी दी गई कि अगर विरोध किया तो फोटो वायरल होंगे और जान से मारने की धमकी भी मिली। आरोपी फरदीन खान, उसकी मामा आसिफ खान, और दोस्त जोया खान लगातार लड़की पर इस्लाम कबूल करवाने का दबाव बना रहे हैं।

### FIR दर्ज, हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने की पीड़िता की मदद

इस मामले में विजय नगर थाने में FIR दर्ज की गई है। पीड़िता और उसके परिजन की मदद के लिए मानसिंह राजावत, लकी बाहुबली, मेवाती, कुलदीप सिंह प्रथम, गौर मोनू मालवीय, नवीन अग्रवाल, कुलदीप स्वामी जैसे कई हिन्दूवादी कार्यकर्ता थाने पर उपस्थित रहे और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। पुलिस ने IPC की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और पीड़िता को सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

# गौरी नगर में बड़े हादसे का इंतजार कर रहा एमपीईबी..?

इंदौर। गौरी नगर क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बड़े हादसे को दावत दे रही है। सोमवार सुबह बिरला हॉस्पिटल के सामने वाली गली में अचानक घरों के बाहर लटक रहे बिजली के तारों में आग लग गई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में डर का माहौल बन गया। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि बिजली तारों की जर्जर हालत और खुले में लटकते गुच्छों को लेकर वे कई बार एमपीईबी अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र में जाम का बगीचा, बिरला हॉस्पिटल के सामने वाली गली, और आस-पास की बस्तियों में बिजली के तार मकानों की छतों और गलियों के बिल्कुल ऊपर से गुजरते हैं।



स्थानीय नागरिक सुरेश वर्मा ने बताया, "हम कई बार लाइनमैन से लेकर उच्च अधिकारियों तक बात कर चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। बच्चों का बाहर खेलना भी खतरे से खाली नहीं है।" स्थिति सिर्फ तारों तक सीमित नहीं है, यहां के लोग अघोषित बिजली कटौती से भी परेशान हैं। घंटों बिजली गुल रहना अब आम बात हो गई है, जिससे गर्मी में बुजुर्गों और बच्चों की परेशानी और भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि बिजली विभाग तुरंत कार्रवाई करते हुए तारों की मरम्मत कराए और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए। नहीं तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना इस लापरवाही का गंभीर परिणाम बन सकती है।

# आर.आर. पटेल का तबादला

## इंदौर में खींची कार्यकुशलता की लंबी लकीर, वास्कले लेंगे

दैनिक रणजीत टाइम्स

**राजेश धाकड़**

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में संयुक्त संचालक पद पर कार्यरत डॉ. आर.आर. पटेल का तबादला मुख्यालय



भोपाल कर दिया गया है। डॉ. पटेल ने इंदौर में लगभग 8 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं और इस दौरान अपनी कार्यशैली, सजगता और पत्रकारों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से एक अद्वितीय मिसाल कायम की। छह कमिश्नर और पाँच कलेक्टरों के साथ किया कार्य वर्ष 2017 से 2024 तक के कार्यकाल में डॉ. पटेल ने 6 संभागायुक्तों और 5 कलेक्टरों के साथ समन्वय में काम करते हुए शासन-प्रशासन के संचार तंत्र को मजबूती प्रदान की। उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान अपने सटीक मीडिया मैनेजमेंट से प्रशासनिक जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाया।

### पत्रकारों के प्रिय अधिकारी

पत्रकारिता जगत में डॉ. पटेल को एक ऐसे अधिकारी के रूप में याद किया जाएगा, जो न केवल हमेशा उपलब्ध रहे, बल्कि पत्रकारों की जरूरतों को समझते हुए सुविधाजनक संवाद बनाए रखा। इंदौर सहित पूरे संभाग के कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय उपस्थिति ने उन्हें विशिष्ट पहचान दी। डॉ. पटेल को उनके मोबाइल नंबर 94251 75737 पर बधाई संदेश भेजे जा सकते हैं।

### अब वास्कले संभालेंगे इंदौर की कमान

इधर, बालाघाट में पदस्थ जनसंपर्क विभाग के उप संचालक पुष्पेंद्र वास्कले सोमवार तक इंदौर में उप संचालक पदभार ग्रहण करेंगे। वास्कले पूर्व में आलीराजपुर, दतिया, खरगोन, बालाघाट और सिंहस्थ 2016 उज्जैन में भी सेवाएं दे चुके हैं। वे अनुभवी और व्यवहारिक अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें उनके मोबाइल नंबर 73540 20310 पर शुभकामनाएं दी जा सकती हैं। डॉ. पटेल के तबादले के साथ इंदौर जनसंपर्क विभाग में एक युग का अंत और नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है।

---

मानसून ने दी शिवपुरी में दस्तक

# गर्मी से मिली राहत

## नरवर में अगले चार दिनों में हो सकती है 157 मिमी बारिश

दैनिक रणजीत टाइम्स

शिवपुरी। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने गुरुवार को शिवपुरी जिले में दस्तक दे दी है। गुरुवार सुबह से ही शहर में हल्की बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि बुधवार को शिवपुरी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो पूरे मध्यप्रदेश में सबसे अधिक था। लेकिन गुरुवार को मौसम ने करवट ली और सुबह से ही ठंडी हवाओं के साथ रिमझिम बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया। बुधवार और गुरुवार की सुबह के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिला, जिससे लोगों ने सुकून की सांस ली। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार, 22 जून तक शिवपुरी जिले में यलो अलर्ट जारी रहेगा। इस दौरान तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी। हालांकि अभी भारी बारिश की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, जिले के नरवर क्षेत्र में अगले पांच दिनों में सबसे अधिक 157 मिमी बारिश होने की संभावना है। वहीं करैरा में 8.2 मिमी और शिवपुरी में लगभग 1 मिमी बारिश दर्ज की जा सकती है। मानसून के आगमन के साथ अब वर्षाकाल की शुरुआत हो चुकी है। आने वाले दिनों में बारिश का असर जनजीवन पर दिखने लगेगा। आमजन को जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए यह मौसम उम्मीद लेकर आया है। उधर, प्रशासन ने भी जरूरी तैयारियों के निर्देश दिए हैं ताकि संभावित आपदा की स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

---

# भिड़ौली गांव में कुल्हाड़ी से हमला

## दो भाई पर जानलेवा हमला, तीन घायल, पत्नी को फोन लगाकर परेशान करने को हुआ था विवाद

**सुनील नगेले**

शिवपुरी जिले के गोवर्धन थाना क्षेत्र अंतर्गत भिड़ौली गांव में गुरुवार को मोबाइल पर बातचीत को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के ही दो भाइयों ने मिलकर पति-पत्नी और उसके भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भिड़ौली निवासी गिर्राज जाटव की पत्नी हेमा जाटव को गांव का ही जितेन्द्र जाटव बार-बार फोन कर परेशान कर रहा था। इसी बात को लेकर गुरुवार को गिर्राज अपने भाई धीरज जाटव के साथ पड़ोसी जितेन्द्र से बात करने गया और विरोध जताया। इस पर जितेन्द्र जाटव और उसके भाई देवेन्द्र जाटव ने गिर्राज, धीरज पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में गिर्राज और उसके भाई धीरज को पेट में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं बीच-बचाव में आई हेमा जाटव भी घायल हो गई। हमले के बाद तीनों घायल अवस्था में गोवर्धन थाने पहुंचे। जहां से पुलिस ने तुरंत उन्हें बैराड़ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को शिवपुरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



गोवर्धन थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी जितेन्द्र और देवेन्द्र जाटव के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

---

# पं. प्रदीप मिश्रा हमारे आराध्य श्री चित्रगुप्त मंदिर जाकर सार्वजनिक मांगे माफीः जिलाध्यक्ष अनुराग अष्ठाना

## कायस्थ समाजजनों ने संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की कायस्थ समाज में पं. प्रदीप मिश्रा के प्रति भारी आक्रोश

**सुनील नगेले**



शिवपुरी। स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की अगुवाई मैं चित्रांश कल्याण समिति सहित समस्त कायस्थ समाज की एक महत्त्व पूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमे कायस्थ समाज के लोगों ने एक स्वर मैं कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान कि 14 जून को महाराष्ट्र में कथा वाचन के दौरान पं. मिश्रा ने व्यासपीठ से कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त पर अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी की। बैठक मैं जिलाध्यक्ष अनुराग अष्ठाना, प्रदेश सचिव अशोक सक्सेना, प्रदेश सचिव रुपेश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष राम स्वरूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, भूपेंद्र भटनागर, अनिल निगम, के बी श्रीवास्तव राहुल अष्ठाना युवा जिलाध्यक्ष सहित अन्य वक्ताओं ने अपने उदबोधन मैं प्रदीप मिश्रा की कड़े शब्द मैं भरत्सना करते हुए उनके प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया, बैठक मैं सर्व सम्मति से कथा बाचक को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया.कायस्थ समाज के सभी लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर तत्पश्चात सभी कायस्थ समाज कलेक्टरेट पहुंचा और संयुक्त कलेक्टर जे. पी. गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग अष्ठाना, प्रदेश सचिव द्वय अशोक सक्सेना,रुपेश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रामस्वरूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, भूपेंद्र भटनागर, अनिल निगम, सूरज सक्सेना, के बी श्रीवास्तव, मधुर श्रीवास्तव, गजेंद्र सक्सेना, राकेश भटनागर, नरेंद्र श्रीवास्तव,आलोक अष्ठाना,राहुल अष्ठाना युवा जिलाध्यक्ष, केशव सक्सेना, देवेंद्र खरे, अविनाश सक्सेना, चिराग खरे, हर्ष सक्सेना, आशीष सक्सेना, राधा मोहन श्रीवास्तव, के के सक्सेना, शैलेश भटनागर, विष्णु श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव जगदीश श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव छीर सागर, दिलीप श्रीवास्तव, डॉ जी एस सक्सेना, रवि कुलश्रेष्ठ, अजय श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, दीपेश सक्सेना, कुणाल सक्सेना, अवधेश श्रीवास्तव चिराग खरे सहित सेकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।

# आने वाली पीढ़ी सिकलसेल से ग्रसित न हो इसके लिए जरूरी है जनजागरूकता-महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल








## बच्चों के विवाह के पूर्व कुण्डली मिलाने के साथ सिकलसेल के जेनेटिक कार्ड को भी अवश्य मिलाये- महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**तलून / बड़वानी। जनजातीय समाज में सिकलसेल बीमारी आनुवांशिक होकर लोगों को जकड़ रही है। जनजातीय समाज को इस बीमारी से मुक्ति दिलाने एवं आने वाली पीढ़ी के बच्चों को इस बीमारी के कुचक्र से बचाने के लिए जनजागरूकता जरूरी है। जनजागरूकता के लिए यह आवश्यक है कि लोग स्वयं अपनी स्क्रीनिंग कराये साथ ही विवाह के पूर्व कुण्डली मिलाने के साथ-साथ सिकलसेल के जेनेटिक कार्ड का भी मिलान करे। क्योंकि अगर माता-पिता को सिकलसेल है तो बच्चों में अनिवार्य रूप से होगा।**

प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने उक्त बाते गुरूवार को विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर ग्राम तलून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे विश्व में जहां पर भी सिकलसेल के रोगी है वहां पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बड़ी संख्या में रोगी एवं वाहक होने से बड़वानी जिले को कार्यक्रम के आयोजन हेतु चुना गया। जिससे कि इस जिले के वासी जागरूक होकर इस बीमारी से स्वयं को, अपने परिवार को एवं आने वाली पीढ़ी को बचाये। रोगी एवं वाहक दोनों ही अपनी जांच कराये एवं सही उपचार सही समय पर ले, सही उपचार से काफी हद तक इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान महामहिम राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं के लिए सिकल सेल रोग के संपूर्ण प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई गई मार्गदर्शिका का विमोचन किया महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल का आगमन ग्राम तलून मे सुबह 11 बजे हुआ। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय कलाकारों ने जनजातीय नृत्य के माध्यम से जनजातीय संस्कृति एवं परंपरा को बखूबी प्रदर्शित किया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सर्वप्रथम महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ स्वास्थ, आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सिकलसेल जागरूकता हेतु लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में इन्दौर के एनआईसी कक्ष से वेब कास्टिंग के माध्यम से वर्चुअल रूप से जुड़े । इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिकलसेल बीमारी में रक्त कोशिकाएं सिकुड़ने के कारण छल्ला बनने से लाल रक्त कणिकाएं अर्द्ध चन्द्राकार या हासिये के आकार की हो जाती है, जिससे आक्सीजन प्रवाह बाधित होता है। जिससे कि मरीज को अत्यंत शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसे यह बीमारी होती है, वह ही इस बीमारी की पीढ़ा को समझ सकता है, आप और हम तो शब्दों में बयां भी नही कर सकते। सही समय पर एवं सही उपचार से इस बीमारी से होने वाली पीढ़ा से बचा जा सकता है। प्रदेश की सरकार ने संकल्प लिया है कि इस बीमारी से ग्रसित लोगो को स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की दवाईयों के माध्यम से इस बीमारी के कुचक्र से बचाना है। बड़वानी जिले के वासियों से यह अपील है कि वे दृढ़ संकल्प ले एवं इस बीमारी को अपनी आने वाली पीढ़ी को न होने दे। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए खरगोन जिले में मेडिकल कालेज खोला जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती दौंपदी मुर्मू जी के विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर जिले वासियों को भेजे संदेश का भी वाचन किया। इस दौरान उन्होने कहा कि सिकलसेल की स्क्रीनिंग को बढ़ाने के लिए 01 जुलाई से प्रदेश में 100 दिन का विशेष स्क्रीनिंग अभियान भी प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें स्क्रीनिंग, जेनेटिक कार्ड, सिकल मित्र बनाये जायेंगे।

महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने लक्षित समूहो में शत प्रतिशत जांच पूर्ण करने वाली जिले की दो ग्राम पंचायतों के सरपंच ग्राम पंचायत तलून खुर्द के सरपंच सुमन पति लोकेश नरगांवे एवं सीएचओ दीपिका राजनसिंह चैहान तथा ग्राम पंचायत पान्या के सरपंच मंगलसिंह बरडे एवं सीएचओ काजल महाजन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 3 सिकल मित्रों को सम्मानित करते हुए सिकल मित्र योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल जी ने सेंधवा के श्री लक्ष्य जगताप, धार की अर्पिता जोशी एवं डिंडोरी के श्री शारदा प्रसाद सिकल मित्रों को सम्मानित करते हुए योजना का शुभारंभ किया। बनाये गये सिकल मित्र ग्राम-ग्राम जाकर लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए उनकी स्क्रीनिंग एवं उपचार में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के साथ वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल, केन्द्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, लोकसभा सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, नगर पालिका सेंधवा अध्यक्ष श्रीमती बसंतीबाई यादव, गणमान्यजन श्री चंचल पाटीदार, जिलाध्यक्ष श्री अजय यादव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### सिकलसेल रोगियों ने सांझा किये अनुभव

कार्यक्रम के दौरान मंच से अलीराजपुर निवासी एमडी डॉ. आशा बघेल ने बताया कि वे सिकलसेल बीमारी से ग्रसित है, एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान उन्हे पता चला कि वे रोगी है, परन्तु उन्होने हार नही मानी एवं एमबीबीएस तथा एमडी की पढ़ाई पूरी की और अपना समस्त उपचार लिया जिससे कि वे एक सामान्य जीवन जी पा रही है। वही जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र पोषपुर की सीएचओ श्रीमती राधा चैहान ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि 23 वर्ष की उम्र में उन्हे पता चला कि वे सिकलसेल वाहक है, उन्होने आत्मविश्वास एवं उपचार के साथ अपनी पढ़ाई पूरी की। जब उनकी शादी की बात आई तो उन्होने सबसे पहले अपने जेनेटिक कार्ड का मिलान किया। उनके पति का भी सिकलसेल परीक्षण करवाया जिसमें वे सामान्य पाये गये। वर्तमान में उनकी एक बेटी है जो वर्तमान में पूर्णतः स्वस्थ्य है एवं उसमें यह बीमारी नही है। अब वे अपने स्वास्थ्य के साथ ही अपने कार्यक्षेत्र के ग्रामीणों का भी ध्यान रखते हुए उन्हे इस बीमारी के प्रति जागरूक करती है।

# केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने लिया तैयारियों का जायजा

इंदौर। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को इंदौर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल राजवाड़ा पर सामूहिक योग का कार्यक्रम होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह आयोजन पहली बार ऐतिहासिक इमारत राजवाड़ा पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया होंगे। इस आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी है। इस संबंध में आज जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायकद्वय श्री मधु वर्मा और श्री गोलू शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी तैयारियां निर्धारित समय से पहले पूरी हो जायें। बताया गया कि यह कार्यक्रम 21 जून को ठीक सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा। प्रातः 6:30 बजे से 6:40 तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रातः 6:40 बजे से 7:00 तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण होगा। प्रातः 7 बजे से 7:45 तक सामान्य योग प्रोटोकाल का योगाभ्यास किया जायेगा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी, युवा, नागरिक आदि सामूहिक योग करेंगे। बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायकगण आदि भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार योग के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ाया दिया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए ग्यारहवें विश्व योग दिवस पर प्रमुख पर्यटक स्थलों पर सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। योग दिवस का यह कार्यक्रम "एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिये योग" थीम पर हो रहा है।

# मदनलाल हुंडिया द्वारा 11 लाख वर्ष पूर्व से वर्तमान तक का माझे ठाणे ग्रंथ का विमोचन एक विरल सिध्धी : हार्दिक हुंडीया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

मुंबई। हुंडिया परीवार में आनंद और उत्साह का माहौल है। श्री कोंकण शत्रुंजय ठाणे नगर में आदीनाथ श्री मुनिसुव्रत स्वामी श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान के सानिध्य में माझे ठाणे कोंकण शत्रुंजय श्री ठाणा नगर ग्रंथ के विमोचन का आयोजन २९ जुन २०२५ रविवार के दिन आयोजित किया गया है।मूल रूप से राजस्थान आहोर के और करीब १४० वर्ष से हुंडिया परीवार मुंबई के ठाणे उपनगर में बस गया है। सा. मदनलाल हुंडिया द्वारा करीब ११ लाख साल से वर्तमान तक का जैन इतिहास ग्रंथ के रूप में लिखकर प्रकाशित करने जा रहे हैं।यह आयोजन परम पूज्य आचार्य गुरुदेव श्री यशोवर्म सूरीश्वरजी म. सा. आदी ठाणा साधु साध्वी जी भगवंतों की निश्रा में टेंभीनाका स्थित श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में होगा। इस अवसर पर मदनलाल जी हुंडिया ने कहा कि माझे ठाणे ग्रंथ लिखने की प्रेरणा प. पु सा. श्री जिनांगयशाश्रीजी म. सा. (डिप्पी म. सा.) के अति आग्रह से मीली है। इस पूण्यशाली अवसर पर आमंत्रित अतिथिओं और महानुभावों में पत्रकार जगत में सकारात्मक लेखनी से तटस्थ खबर समाज को देने वाले स्टार रिपोर्ट मेगेज़िन के प्रधान संपादक और ओल इन्डिया जैन जर्नालिस्ट ऐशोशियेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हार्दिक हुंडीया, महाराष्ट्र सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ संभाजी शिंदे,श्री नरेश जी म्हस्के, सासंद ठाणे,श्री राजन विचारें पूर्व सांसद ठाणे, श्री संजय जी केलकर विधायक ठाणे,श्री निरंजन डावखरे (विधान परीषद), श्री सुधीर जी कोकाटे नगरसेवक, श्री बाबूलाल जी भीकमचंदजी नानावटी, उतममचंदजी उम्मेदमलजी सोलंकी, श्री उदयकुमार मांगीलाल जी परमार , श्री जे. के . संघवी उपस्थित रहेंगे।ओल इन्डिया जैन जर्नालिस्ट ऐशोशियेशन आईजा के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष हार्दिक हुंडीया ने कहा की माझे ठाणे ग्रंथ जैनों के इतिहास का ऐतिहासिक वर्णन है। ११ लाख सालों का संशोधन करके लेखन करना अपने आप में एक विरलता है। सा. मदनलाल हुंडिया जी की यह पहल समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगी और आनेवाली पीढ़ी जैन धर्म के इतिहास से रूबरू होकर जैन धर्म से विस्तृत जानकारी लेंगे।यह ग्रंथ युगों युगों तक अमर रहेगा।



# सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा। नया स्कूली सत्र शुरू होने पर लगातार चौथे वर्ष में सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा गोद ली गई बालिकाओं एवं 45 जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री किट का वितरण किया गया । संस्था पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में सबसे पहले अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवगंत हुए लोगों के लिए मौन श्रद्धांजलि रखी गई। कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद ली गई बालिकाओं को 10वीं एवं 12वीं में अच्छे प्रतिशत लाने के उपलक्ष में सम्मानित कर नगद पुरस्कार राशि का वितरण किया गया। टीचर बहनों द्वारा संस्था को अवगत कराया जाता है कि बच्चे पढ़ने में बहुत ही अच्छे हैं एवं जरूरतमंद है। नागदा नगर के अलग-अलग क्षेत्र से बच्चों को संस्था द्वारा चयनित करके 10 बच्चों की 9वी क्लास से 12वीं तक के बच्चों की बोर्ड फीस एवं 5 बच्चों को स्कूल ड्रेस एवं सभी 45 बच्चों को 45 किट का वितरण किया गया है। जिसमें बैग, टिफिन, बोतल, कॉपी, पेन, पाउच, जूते एवं स्टडी टेबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत एवं पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र राणावत उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी, महासचिव कुमुद पायल ओझा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा ओझा, सविता दुबे, अनीता पड़या, विद्या तिवारी, किरण शर्मा, निर्मला पांचाल, चंदा टॉक, मेघा राठौड़, जागृति राठौर, साधना जैन, प्रमिला रघुवंशी, सोरवी भदोरिया, सुमन पोरवाल, चंद्रिका मोहता, सुषमा बिसानी, सोनाली गुर्जर, ममता सिसोदिया, उर्मिला डांगरा, कंचन चंदेल, कीर्ति जैन, श्रद्धा अग्रवाल, उर्वशी राठौर, ममता जैन, विजयलक्ष्मी झा, नीलम अरोड़ा, उमा रघुवंशी, अर्चना सोनी, द्रौपदी शर्मा, पुष्पा वर्मा, नीता झूलर, कमलेश कच्छावा का सहयोग रहा।

# बैंक ने किया हितग्राही की नामिनी को शेष राशि का भुगतान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



खेतिया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा खेतिया से स्वर्गीय मोहन डुडवे का -16.15लाख का गृहऋण स्वीकृत किया गया था, जिसमे स्व0 डुडवे द्वारा गृह ऋण की प्रथम किश्त के तौर पर -9.50,लाख बैंक द्वारा आरहण किया गया था,,बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक श्री चंद्रभान विश्वकर्मा, के अनुसार श्री डुडवे के ऋण के साथ ही बैंक द्वारा विषम परिस्थिति में क्षतिपूर्ति हेतु ऋण राशि के बराबर सुरक्षा बीमा कराया था जिसके चलते मोहन डुडवे के आकस्मिक निधन पर बैंक ऑफ़ बड़ोदा शाखा खेतिया द्वारा क्षतिपूर्ति बीमा की राशि -15.23लाख प्राप्त होते ही बैंक शाखा द्वारा - 9.50 लाख ऋण की राशि जमा करते हुए शेष राशि 5.73 लाख के भुगतान का चेक उनकी नॉमिनी पत्नी,प्रमिला बाई डुडवे को उनके पुत्र की उपस्थिति में किया गया ।जिसे उनके द्वारा बैंक शाखा के सेविंग खाते में जमा कर दिया गया।इस दौरान बैंक कर्मचारियों के साथ बैंक अनेक खातेदार भी उपस्थित थे।

# कृषकों को खरीफ फसलों की बुवाई रेंजबेड पद्धति से करने की सलाह

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। शाजापुर जिले में कई किसानों ने सोयाबीन की बुवाई शुरू कर दी है, कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर द्वारा लगातार उन्नत तकनीक का प्रचार-प्रचार किया जा रहा है, जिससे सोयाबीन का उत्पादन बढ़ सके। रेजबेड प्लांटर एवं बीबीएफ बुवाई मशीन का प्रदर्शन आज कृषि विज्ञान केंद्र पृक्षेत्र में किसानों के सक्षम किया गया।



इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ एस.एस. धाकड ने बताया कि रेज्डबेड पद्धति से बुवाई करने पर वर्षा की अनियमीत स्थिति जैसें कम एंव अधिक वर्षा दोनो ही स्थिति में सोयाबीन का उत्पादन 25 प्रतिशत से अधिक मिला रहा है। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ एस.एस. धाकड ने बताया कि रेज्डबेड पद्धति से बुवाई करने से फसल की दो लाईनों के बीच एक गहरी नाली बन जाती हैं। प्रत्येक रेज्डबेड में सोयाबीन की दो कतारों में बुवाई की जाती है। अल्पवर्षा की स्थिति में किसान नालियों को मेड से बंद कर नालियों में पानी जमा करा सकते हैं। साथ ही इस विधि द्वारा मृदा नमी का संरक्षण भी होता है और अतिवृष्टि की स्थिति में नाली का पानी आसानी से खेत से बाहर निकाल सकते हैं। इससे पौधे को पर्याप्त मात्रा मे आक्सीजन और नाईट्रोजन मिल जाती है। मेढ से मेढ की दूरी पर्याप्त होने से पौधो की कैनोपी को सूर्य की किरणे अधिक से अधिक मिलती है, जिससे पौधें स्वस्थ रहते है कृषि विज्ञान केन्द्र,शाजापुर के प्रक्षेत्र परिक्षण के परिणाम बताते है कि रेज्डबेड पद्धति से अधिक वर्षा की स्थिति एंव अल्पवर्षा की स्थिति में भी सोयाबीन का उत्पादन 25 प्रतिशत से अधिक पाया गया है। वैज्ञानिक डॉ एस.एस. धाकड ने किसान भाईयों को यह भी सलाह दी है कि सोयाबीन की फसल के लिए कृषको के पास जहां पर रेज्डबेड प्लाटर की उपलब्धता नहीं है वहां पर एक साधारण सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील को हम बीबीएफ मशीन में परिवर्तित कर सकते हैं, सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील की दोनों और की आखरी टाइन्स हटाकर उसमें रीजर लगाया जाता हैं तथा सीड कम फर्टी ड्रील के टाइन्स और रिज फरो के गहराई में 4 इंच का अंतर रहता हैं, जिससे रीजर जो कि मशीन के दोनों और लगे हैं, उनसे एक 3-4 इंच गहरी नाली बन जाती हैं, जिससे पानी की निकासी सरलता एवं सुगमता से संभव हो सकेगी। वैज्ञानिक डॉ एस.एस. धाकड ने किसान भाईयों को यह भी सलाह है कि सोयाबीन की फसल के लिए कृषको के पास जहां पर रेज्डबेड प्लाटर एवं बीवीएफ मशीन की उपलब्धता नही हैं वहां पर कृषक भाई खेतों की स्थिति अनुसार वर्षा जल के सुरक्षित जल निकास के लिए मेड नाली पद्धति से बुवाई कर बुवाई के तुरंत बाद ट्रेक्टर चलित नाली बनाने वाले यंत्र डीचर से नाली बनाये। जिससे सुरक्षित जल निकास हो सके। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. अम्बावतिया ने किसानों को सलाह दी है कि कृषि आदान की व्यवस्था मौसम एवं भूमि की उपयुक्ता के अनुसार करें। साथ ही उन्होंने कहा कि फसल विविधिकरण जैसे मूंग, उडद, अरहर, ज्वार, मक्का, आदि फसलों को भी लगाए। सोयाबीन की दो से तीन मध्यम उम्र की अनुशंसित किस्मों को अधिक क्षेत्र में लगाए। कृषक भाई अपने खेत की बुवाई पर्याप्त नमी 4'' बारिश की अवस्था में बोनी करें। कतार से कतार की दूरी 35 से 45 से.मी. रखे। बीजोपचार के लिए अनुशंसित फफूंद नाशक, कीटनाशक, एवं जीवाणु नाशक का प्रयोग करें।

# रोजड नदी उफान पर, 06 घंटे बंद रहा मार्ग

## यात्री बसों के रूट में किया परिवर्तन



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। नगर व क्षेत्र में गुरुवार को प्रातः से ही तेज मूसलाधार बारिस हुई जिसका क्रम दिनभर रुक रुक कर चलता रहा। लगातार बारिस से नवीन बस स्टैंड स्थित रोजड नदी उफान पर आ गई। जिससे बसों का आवागमन करीब 06 घण्टे तक प्रभावित रहा। जिससे रतलाम, जावरा व प्रतापगढ़ की यात्री बस व अन्य वाहन का रूट परिवर्तन कर नाका न.1 से पुराना बस स्टैंड होकर नवीन बस स्टैंड किया गया। मौसम की पहली नदी आने की खबर लगते ही हर कोई नदी देखने हेतु बस स्टैंड पहुचा। जहां पुलिस के जवान व नगर परिषद कर्मचारियों ने पहले से ही मोर्चा संभाल रखा था उन्होंने सभी को नदी से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। दिन भर चले बारिस के क्रम से व्यापार व्यवसाय भी चौपट रहा वही किसान बोवनी की तैयारी में जुट गए। इसी प्रकार लगातार बारिस से क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गये वही बारिस के चलते मौसम मे ठंडक सी घुल गई व नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

## उर्वरक नमूना अमानक पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र अमानक उर्वरक पर जिले में प्रतिबंध

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**शाजापुर। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक श्री केएस यादव ने उर्वरक का नमूना अमानक पाए जाने पर जिले के विकासखण्ड मो. बड़ोदिया के विक्रेता प्रबंधक मेसर्स प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित मंगलाज तथा निर्माता कंपनी इफको गांधी नगर गुजरात को कारण बताओ सूचना पत्र दिया है। साथ ही किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) ने प्रबंधक व निर्माता कंपनी के उर्वरक नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाये जाने पर अमानक उर्वरक का जिले में क्रय, विक्रय, भण्डारण एवं परिवहन पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है।**

## कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं – कलेक्टर सुश्री बाफना

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजनाओं के स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 की समीक्षा करते हुए प्राप्त लक्ष्यों के विरूद्ध प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि ऑनलाइन आवेदनों के चेक लिस्ट अनुसार सत्यापन कराएं। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की गूगल शीट बनाकर सत्यापन के लिए दें। सत्यापन के कार्य में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्राप्त आवेदनों में से कम से कम 10 प्रतिशत आवेदनों का सत्यापन राजस्व विभाग के माध्यम से किया जायेगा। इस मौक पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के प्रगतिरत एवं पूर्ण आवासों की समीक्षा भी कलेक्टर ने की। अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने विभिन्न निकायों में अमृत 2.0 योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। सभी कार्यों को कलेक्टर ने गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। शाजापुर सीएमओ को अमृत 2.0 योजना के तहत स्वीकृत भैरव डूंगरी जल संरचना का कार्य 15 दिन में पूरा करने के लिए कहा। इस अवसर पर नगरीय निकायों के कार्यों की जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सुश्री नेहा गंगारे ने दी। इस मौके पर सीएमओ नगरीय निकाय अकोदिया श्री राजेश कुमार सेन, शाजापुर एवं मक्सी श्री अशफाक खान, पानखेड़ी श्री बद्रीलाल पुरबिया तथा शुजालपुर श्री ओमप्रकाश शर्मा सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित था।

# अणु श्राविका मंडल का स्नेह मिलन समारोह संपन्न

### 80 श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया साधारण सभा का भी हुआ आयोजन

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



रतलाम। श्रीधर्मदास जैन श्रीसंघ की सहयोगी संस्था अणुश्री श्राविका मंडल का स्नेह मिलन समारोह सैलाना रोड़ स्थित शीतल तीर्थ पर आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष श्राविका मंडल का मिलन समारोह आयोजित होता है, जिसमें सभी से एक साथ मिलने का, अपने विचारों का आदान प्रदान करने का एवं वर्षावास से संबंधित आदि कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श का यही एक अवसर होता है। अणुश्री श्राविका मंडल की सचिव अर्पिता डोसी व सहसचिव डाली मोदी ने बताया कि इस स्नेह मिलन समारोह में 80 श्राविका बहनों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता की। इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित श्राविकाओं ने इस समारोह को और भी अविस्मरणीय बना दिया।

स्नेह मिलन समारोह ऊर्जा संचार का माध्यम है

आयोजित साधारण सभा में मंडल की अध्यक्ष मोनिका गांधी ने श्राविकाओं से कहा कि यह स्नेह मिलन समारोह एक ऊर्जा संचार का माध्यम है। एक शुरुआत है हमारे आगामी गुरु समर्पण चातुर्मास के महापर्व की और एक सशक्त कदम है और अणु गुरु का नाम लेकर हमने इसकी शुरुआत कर दी है।

निर्वी पितलिया का किया बहुमान

चातुर्मास निमंत्रण हेतु वीडियो क्लिप बनाया गया है जो समस्त श्री संघों में भेजा जाएगा। वीडियो क्लिप के लिए समस्त पदाधिकारियों व समस्त सदस्यों ने अथक परिश्रम किया है, जो साधुवाद योग्य है। निर्वी पितलिया ने वर्षावास निमंत्रण का ऑडियो रिकॉर्ड किया। जिनका मंडल की ओर से बहुमान किया गया। वहीं मंडल की कार्यकारिणी सदस्य हर्षिता भंडारी ने इसकी कोरियोग्राफी के कार्य को पूर्ण करवाया। मोनिका गांधी ने आगे कहा कि हमें धर्मदास गणनायक प्रवर्तकश्री जिनेंद्रमुनिजी व साध्वीश्री पुण्यशीलाजी का अनुपम वर्षावास प्राप्त हुआ है। वर्षावास में सभी को ज्ञान - दर्शन - चारित्र व तप की विशिष्ट आराधना करने का लक्ष्य रखना है।

नवीन ज्ञान कंठस्थ करने का लक्ष्य हो

मंडल की महामंत्री अंजलि मांडोत ने कहा कि हमें चतुर्विध संघ का वर्षावास प्राप्त हुआ है। इस सुनहरे अवसर को हम सभी को मिलकर सभी के सहयोग से वर्षावास को सफल और ऐतिहासिक बनाना है। उन्होंने समस्त श्राविकाओं से निवेदन किया कि सभी इस वर्षावास में नवीन ज्ञान कंठस्थ करे, शक्तिनुसार तप आराधना करे, वैयावच्च आदि का भी पूरा पूरा लाभ लेवे। साथ ही वर्षावास से संबंधित कई जानकारियां सभी के समक्ष रखी।

सहभागिता का सामूहिक संकल्प

मंडल की उपाध्यक्ष सरोज मूणत व संगीता कोठारी ने बताया कि आगामी वर्षावास को लेकर सभी में उत्साह एवं उमंग का वातावरण बना हुआ है। समारोह में सभी ने एक स्वर में समस्त कार्यों में अपनी सहभागिता का सामूहिक संकल्प लिया। वर्षावास को लेकर श्राविका मंडल की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मंडल की कोषाध्यक्ष सोना लोढ़ा ने आय - व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्षावास में अनेक कार्यों को संपादित करने हेतु कई समितियों का गठन भी किया गया। श्राविका मंडल द्वारा पिछले वर्ष किए गए मानव सेवा, अन्य कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन हुआ। भोजन व्यवस्था में मंडल की सह कोषाध्यक्ष सीमा गांधी का विशेष योगदन रहा।

## कास हेतु एक क्रांतिकारी पहल- हम हैं बदलाव पुस्तिका कलेक्टर को भेंट की



### सक्षम कार्यक्रम

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । मध्यप्रदेश में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार की गई वार्षिक पुस्तिका "हम हैं बदलाव" कलेक्टर नेहा मीना को सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम से जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री रवि प्रताप सिंह तोमर ने भेंट की और ग्रीष्मकालीन बारहमासी हॉस्टल समरकैंप एवं सक्षम कार्यक्रम की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा की।

कलेक्टर नेहा मीना ने पुस्तिका में प्रकाशित झाबुआ जिले की प्रेरणादायक कहानियों की सराहना की। इन कहानियों में ब्लॉक पेटलावद के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बामनिया की छात्रा माहेनूर अली और ब्लॉक थांदला के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय काकनवानी के सक्षम मेंटोर शिक्षक श्री निकेश भूरिया के नवाचारात्मक प्रयासों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि ये कहानियां न केवल प्रेरणादायक हैं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नए आयाम को भी स्थापित करती हैं। कलेक्टर ने सक्षम जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री रवि प्रताप सिंह तोमर से विस्तारपूर्वक चर्चा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों और सक्षम टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी, जिससे वे अपने कार्यों में ओर भी अधिक उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ सकें।

## इन्दौर नगर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के शिक्षा सहयोग का शुभारंभ




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। प्रतिवर्ष अनुसार आयोजित इंदौर नगर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप द्वारा विभिन्न मंदिरों में आज 19 जून से प्रारंभ शिक्षा सहयोग छात्रवृत्ति वितरण व रियायती मूल्य पर कापीयो वितरण शहर के विभिन्न जिनालयों पर फेडरेशन एवं समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ । फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप इंदौर नगर ग्रुप को स्टार ग्रुप बताते हुए उनके द्वारा सतत 28 वर्षों से कई जा रही सेवा की सराहना की। महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इतने कम मूल्य पर उच्च श्रेणी की कापियों के लिए इन्दौर नगर सोशल ग्रुप का बहुमान करते हुए इसकी निरंतरता की सराहना कर जैन समाज को लाभान्वित करने के लिए कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से व अतिथि स्वागत भाषण सुधीर जैन ने दिया अभय बंडी चेयरमेन ने किट एवं सेन्टर की जानकारी दी , कार्यक्रम का संचालन योजना मार्गदर्शक दिलीप मेहता ने किया व आभार सचिव नीरज जैन ने व्यक्त किया । इस अवसर पर नवीन जैन, दिलीप छाबड़ा, शिखर सोनी, भरतेश जैन, पी सी जैन, प्रकाश शाह, विनोद जैन, अरूण जैन, अशोक जैन , संगीता विनायका, सुनिल जटाले सनत जैन, अनिल अजमेरा, सुधीर सोनी, सुभाष काला व अन्य 50 सदस्य उपस्थित थे।

# झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया ने राहूल गांधी के जन्म दिन पर पेयजल हेतु टेंकर वितरण किये



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ विधानसभा अन्तर्गत ग्राम बोरी में लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहूल गांधी के जन्म दिन पर झाबुआ विधायक डॉ विक्रांत भूरिया ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल हेतु टेंकर बांटकर कार्यकर्ताओं के बीच मनाया गया साथ ही केक भी कांटा गया। इस अवसर पर डॉ.भूरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ राहूल गांधी के जन्म दिन पर झाबुआ क्षेत्र की बोरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोरी सेमलपाटी, चुलिया कदवाल, बुडकुई चैटीयाबरडी, सुडी बडी,कुण्डलवासा भूरछवेडी, बयडा में पेयजल टेंकर वितरण किये साथ ही कार्यकर्ताओं को बधाई देकर सम्बोधित करते हुए कहा कि राहूल गांधी जी ने कहा कि ना भय,ना झुठ न कपट, ना सत्ता का लालच न कुर्सी की फ्रिक है केवल गरीब, जरूरत मंद की सहायता ही उनका लक्ष्य है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद कांतिलाल भूरिया ने भी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया तथा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के निवासीयों को बताया कि पूर्व में भी अनेक विकास कार्य किये है आगामी समय में भी जिस पंचायत में जो कार्य की आवश्यकता होगी वह कार्य प्राथमिकता से किया जावेगा साथ ही आगामी समय में विघुतिकरण का कार्य एवं अन्य विकास कार्य किये जावेगें।

इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वागत भाषण ब्लाक अध्यक्ष गुलसिंह अमलियार,द्वारा दिया गया तथा क्षेत्र की समस्या एवं सुझाव प्रस्तुत किये गये इस अवसर पर बोरी के पूर्व सरपंच एवं विधायकप्रतिनिधि बंशी बारिया ने भी सम्बोधित किया । इस अवसर पर क्षेत्र के सरपंच व युवक कांग्रेस के रेलसिंह, दिवान हरिश अजनार, हेमेन्त चुलिया, राजू भूरिया, मदन चैकीदार रागुसिंह , इरफान , नरू बघेल भेरूभाई, पाय पारूभाई राजू भूरिया सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन लालचन्द्र गांधी ने किया ।

# ग्रामीण अंचलों में जारी हैं 'रक्षा सखी' टीम का जनजागरूकता अभियान



## महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर दी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

झाबुआ । पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में 'रक्षा सखी' पुलिस टीम द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 19 जून को रक्षा सखी टीम ने जिले के ग्राम टिकड़ी जोगी स्कूल फलिया, ग्राम मुण्डत, ग्राम नारंदा, एवं ग्राम मोहनकोट का भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। अभियान के तहत बच्चों को 100 डायल सेवा की जानकारी दी गई, जिससे आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता ली जा सकती है। साथ ही 'गुड टच-बैड टच' की जानकारी देकर बच्चों को यौन शोषण से सतर्क रहने के उपाय सिखाए गए। टीम ने साइबर अपराधों से बचाव, अजनबियों से सतर्कता बरतने, तथा किसी अनजान व्यक्ति से दी गई वस्तु न लेने जैसी जरूरी सावधानियाँ भी साझा कीं। उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों के पालन, सतर्कता से वाहन चलाने और सुरक्षा को लेकर सजग रहने की प्रेरणा दी गई।

इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाई में रुचि लेकर उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रभावशाली एवं सराहनीय पहल है, जो समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करता है।

# देवास नाक क्षेत्र मे ऑटो में बैठाकर, अपहरण व मारपीट की वारदात करने वाले 04 आरोपियों को पुलिस थाना लसूडिया ने किया गिरफ्तार

इंदौर । इंदौर शहर में अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी व कठोर कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस थाना लसूड़िया द्वारा क्षेत्र में हुए अपहरण व मारपीट के मामले मे त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियो को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना लसूडिया पर दिनांक 18/06/25 को फरियादी उम्मेद सिंह पिता चतुरसिंह उम्र 60 साल नि. म.न. 245 बी श्रध्दा श्री कालोनी एम.आर. 10 रोड थाना विजयनगर इंदौर ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 15.06.2025 को दोपहर 03.30 बजे मैं अपनी दुकान 130 ठाकुर बाँडी रिपेयर देवास नाका इंदौर पर बैठा था तभी राजेन्द्र जाट और उसके साथी एक हरे व पीले रंग की सी.एन.जी.आटो रिक्शा से आये और सभी रिक्शे से उतरकर मेरे साथ लाठी-डंडो से मारपीट करने लगे और मुझे सभी ने मिलकर जबरजस्ती अपनी आटो में पीछे की सीट पर बैठा लिया मुझे राजेन्द्र और उसके साथियो ने रास्ते भर मारपीट की और मुझे स्टार चौराहे से बाएँ तरफ सुनसान स्थान पर ले गये और फिर राजेन्द्र जाट व उसके साथियो ने मेरे साथ गाली गलौज कर लात -मुक्को और लाठी डंडो से मारपीट की । मारपीट के दौरान राजेन्द्र जाट मुझसे कहने लगा कि मुझे पन्द्रह लाख रुपये उधार दे दो नही तो तुझे जान से खत्म कर देगे । मारपीट करके राजेन्द्र और उसके साथी वहाँ से भाग गये थे । मारपीट के दौरान मै बेहोश हो गया था दो राहगीरो ने मुझे उठाया और मुझे पानी पिलाया होश में आने पर दोनो राहगीर ने मुझे खजराना थाना बताया, मैने देवास नाके की घटना बतायी थी , मुझे लसुडिया थाने पर रिपोर्ट करने का कहा। राजेन्द्र और उसके साथियो व्दारा मारपीट में मुझे बाँयी आख के पास, मेरे बाएँ पैर में , गले में , काम में , छाती में व जवड़े में चोट आयी है । मैने एम.वाय.एच. अस्पताल में दिनांक 15.06.2025 को अपना इलाज कराया था । बाद आज दिनांक 18.05.2025 को अपनी सम्धी रविन्द्र सिंह चंदेल व बेटे जीतेश सिंह के साथ रिपोर्ट करने थाना लसुडिया आया हूँ । उक्त सूचना पर से थाना लसुडिया पर अपराध क्र 726/2025 धारा – 115(2), 296, 351(3), 140(3), 3(5) बी.एन.एस.2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा एसीपी विजयनगर इंदौर श्री आदित्य पटले को तत्काल टीम गठित कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। जिसपर थाना प्रभारी लसुडिया श्री तारेश कुमार सोनी के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तत्काल कार्यावही करते हुये मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किये गये , जिसमे आरोपीगण द्वारा घटना मे दो सवारी आटो का प्रयोग होना पाया गया जिस पर उक्त आटो और उनके मालिक के संबंध मे जानकारी प्राप्त करते हुये मुखबिर सूचना के आधार पर घटना मे संलिप्त चार आरोपियों-

**1.प्रवीण जाट उम्र 25 साल नि तपेश्वरी बाग कालोनी खजराना इंदौर**

**2.अजय उर्फ बकरा इरवा उम्र 28 साल नि वैभव लक्ष्मीनगर खजराना इंदौर**

**3.सोनू उर्फ कद्दू भगौरा उम्र 38 साल नि श्री रामकृष्ण बाग कालोनी खजराना इंदौर**

**4.अवधेश उर्फ गोलू उर्फ वर्मा उम्र 25 साल नि स्कीम न 54 विजयनगर इंदौर**

को गिरफ्तार किया गया। जिनसे घटना मे प्रयुक्त वाहन आटो क्र MP09RH901324 व MP09DT7030 को जप्त किया गया आरोपीगण द्वारा अपने अन्य साथीगण राजेन्द्र जाट व पकंज बिल्ली व अन्य दो साथीगण के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया है, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोपियो ने पूछताछ पर बताया कि उक्त आरोपी रेडिसन चौराहे से आटो चलाते है जहाँ उनका दोस्त पूर्व ट्रांसपोर्ट व्यवसायी राजेन्द्र जाट के साथ मिलकर आर्थिक तंगी व पैसो की जरुरत होने पर आरोपियो ने मिलकर रणनीती बनाकर व्यपारी के अपहरण की योजना बनाई थी, जिस पर दो आटो मे बैठकर सभी आरोपी व्यवसायी की दुकान देवास नाका पर पहुचे जहाँ व्यापारी से पैसे मांगे नही देने पर मारपीट कर व्यपारी का अपहरण की तरह आटो मे बैठा लिया और मारते हुये स्टार चौराहे पर ले जाकर फेंक दिया था।

पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही व पूछताछ की जा रही हैं।

आरोपी आदतन अपराधी है, जिनके विरुद्ध पूर्व मे कई अपराध है-




# डकैत हो या डकैत का बाप..

## हम सबसे निपटना जानते हैं: मुख्यमंत्री यादव

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। मुख्यमंत्री के अचानक इंदौर पहुंचते ही शहर की सरकारी मशीनरी तो अलर्ट हुई ही, वहीं इंदौरी नेता भी अपने सारे कामकाज छोड़ कलेक्टोरेट पहुंचे... इधर, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम अपने वचन पर अड़िग हैं... इसी साल से लाड़ली बहनों के खातों में 1250 की राशि को बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया जाएगा... वहीं 2026-27 में भी राशि बढ़ेगी और यह राशि 2028 तक आते-आते






3 हजार तक हो जाएगी... वहीं कांग्रेस को भी घेरते हुए कहा कि ये चोरी नहीं है, ये हमारी वचनबद्धता है और हमने जो कहा था वह करके दिखाएंगे... वहीं इंदौर के कांग्रेसी पार्षद अनवर कादरी उर्फ अनवर डकैत पर भी मुख्यमंत्री खुलकर बोले... उन्होंने कहा - डकैत हो या डकैत का बाप, हम सबसे निपटना जानते हैं... हमारी पुलिस को हमने इस विषय पर भी पूरी छूट दे रखी है... अब देखना यह है कि इंदौर पुलिस लव जिहाद में अनवर कादरी का नाम उछलने और सीएम की हरी झंडी मिलने के बाद क्या बड़ा कदम उठाती है।

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जिला एवं तहसील स्तर पर**

**एजेंसी देना है**

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

**जन्मदिन की**

**अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स